नैक (NAAC) द्वारा ‘A’ ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

# बैंक ऑफ इंडिया की ओर से
# हिंदी विश्वविद्यालय को एम्बुलेंस प्रदान

वर्धा, 29 मई 2019: महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय से बैंक ऑफ इंडिया की ओर से एम्बुलेंस प्रदान की गयी। विश्वविद्यालय के महादेवी वर्मा सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बैंक की ओर से कुलपति प्रो. रजनीश कुमार शुक्ल को चाभी देकर एम्बुलेस सेवा की शुरूआत की गयी। कुलपति




प्रो. शुक्ल की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के आंचलिक प्रबंधक विनोद शेट्टीगर, उप आंचलिक प्रबंधक पी. के. गुप्ता, विवि शाखा के प्रबंधक रामेंद्र सिंह, विवि के वरिष्ठ प्रोफेसर मनोज कुमार, साहित्य विद्यापीठ की अधिष्ठाता प्रो. प्रीति सागर, कार्यकारी कुलसचिव तथा वित्ताधिकारी कादर नवाज़ ख़ान मंचासीन थे।

इस अवसर पर कुलपति प्रो. शुक्ल ने बैंक ऑफ इंडिया का आभार जताकर कहा कि सेवा प्रदाता के बीच आपसी सद्भाव और विश्वास की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय ने परिसर के दस गावों में उन्नत भारत योजना के तहत कार्य कर रहा है और वहां सूचना एवं प्रौद्योगिकी के साथ विकास के लिए बैंक की ओर से सामाजिक दायित्व की आवश्यकता है। उन्होंने बैंक से अपेक्षा की कि

गांधी दृष्टि से समाज और परिवार को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में हमारे प्रयास को बैंक सहयोग



प्रदान करेगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि सीएसआर की मदत से सकारात्मक दृष्टि के साथ विकास के



लिए कंधे से कंधा मिलाकर काम करेंगे। कार्यक्रम में प्रो. मनोज कुमार, प्रो. प्रीति सागर, कादर नवाज



खान, विनोद शेट्टीगर, वी. के. गुप्ता आदि ने भी अपनी बात रखी। कार्यक्रम का संचालन साहित्य



विद्यापीठ के प्रो. अवधेश कुमार ने किया तथा आभार रामेंद्र सिंह ने माना। इस अवसर पर अध्यापक,





अधिकारी, कर्मी एवं विद्यार्थी उपस्थित थे।


Mahindra
Unnati Motors


Mahindra
Unnati Motors




Bisleri










Unnati Motors






















वर्मा
बिसलेरी
500










Mahindra
Unnati Motors
PATIENT TRANSPORT
AMBULANCE
विशिष्ट अतिथि


Mahindra
Unnati Motors
PATIENT TRANSPORT
AMBULANCE
विशिष्ट अतिथि